माध्यमिक शिक्षा निदेशालय, उत्तराखण्ड, ननूरखेडा, तपोवन, देहरादून।

पत्रांक–सेवा–2/अराज0/ 969 /2017–18 दिनांक 8 नवम्बर, 2017

विज्ञप्ति

शासनादेश सं0 760/XXIV–नवसृजित /2017–13(03)/2017 दिनांक 11 अक्टूबर, 2017 के द्वारा राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में स0अ0 एल0टी0 से प्रवक्ता पदों पर अस्थायी तथा काम चलाऊ व्यवस्था के अन्तर्गत तदर्थ पदोन्नति की अनुमति प्रदान की गयी है, जिसके क्रम में संबंधित शिक्षकों की काउन्सिलिंग के माध्यम से पदस्थापना की जानी है। काउन्सिलिंग **राजीव गांधी नवोदय विद्यालय देहरादून के सभागार में निर्धारित की गयी है,** जिसमें संबंधित शिक्षक/शिक्षिकाओं द्वारा काउंसिलिंग के माध्यम से प्रदर्शित रिक्ति के सापेक्ष विकल्प प्रस्तुत किये जा सकेंगे। शिक्षक/शिक्षिकाओं द्वारा Y–क्षेत्र में प्राप्त सेवा गुणांकों के अवरोही क्रम के आधार पर उनकी काउंसिलिंग की जायेगी, ऐसे शिक्षक/शिक्षिकाएं जिन्हें Y–क्षेत्र के विद्यालयों में पदस्थापना की बाध्यता नहीं है, उन्हें नियमावली में विहित व्यवस्थानुसार प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर काउन्सिलिंग में नियमानुसार प्राथमिकता दी जायेगी। काउन्सिलिंग में संबंधित शिक्षक/शिक्षिका द्वारा संबंधित विषय में स्नातकोत्तर की उपाधि एवं स0अ0 एल0टी0 वेतनक्रम में नियुक्ति पत्र अनिवार्यतः प्रस्तुत किया जायेगा। **संबंधित शिक्षक/शिक्षिकाएं निर्धारित तिथि को निर्धारित स्थान पर प्रातः 9:00 बजे अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर प्रातः 10:00 बजे तक अपना पंजीकरण अवश्य करवा लें।** यदि कोई शिक्षक/शिक्षिका उक्त तिथि को विलम्ब से उपस्थित होते हैं, अथवा अनुपस्थित रहते हैं, तो ऐसी स्थिति में अगले शिक्षक को विकल्प के अनुसार विद्यालय आवंटित कर दिया जायेगा।

पदोन्नति हेतु संवर्गवार/विषयवार शिक्षक/शिक्षिकाओं की सूची विभाग की वेबसाईट **www.schooleducation.uk.gov.in** पर अपलोड की जा रही है।

काउन्सिलिंग हेतु समय–सारिणी निम्नवत् निर्धारित है–

क0सं0	दिनांक	विषय (प्रवक्ता महिला शाखा)
1	20–11–2017 (सोमवार)	रसायन विज्ञान, गणित, भौतिक विज्ञान, समाजशास्त्र, मनोविज्ञान, कला
2.	25–11–2017 (शनिवार)	इतिहास, संस्कृत, भूगोल, जीव विज्ञान, अर्थशास्त्र
3.	27–11–2017 (सोमवार)	गृह विज्ञान, हिन्दी, अंग्रेजी, नागरिक शास्त्र

सामान्य शाखा के प्रवक्ता पदों पर काउन्सिलिंग हेतु समय–सारिणी पृथक से निर्धारित की जायेगी।

अपर निदेशक
माध्यमिक शिक्षा, उत्तराखण्ड

पृ0सं0– सेवा–2/अराज0/ 23787 /2017–18 दिनांक 8 नवम्बर, 2017

प्रतिलिपि– सम्पादक, **अमर उजाला, दैनिक जागरण, हिन्दुस्तान** को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उक्त विज्ञप्ति को **दिनांक 10 नवम्बर, 2017** के उत्तराखण्ड संस्करण में, जिसका राज्य के दोनो मण्डलों में व्यापक प्रचार–प्रसार हो, डी0ए0वी0पी0 दरों पर 10x10 वर्गसेमी0 में प्रकाशित करने का कष्ट करें तथा भुगतान हेतु बिल दो प्रतियों में निदेशालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

08/11/201

(रामकृष्ण उनियाल)
अपर निदेशक
माध्यमिक शिक्षा उत्तराखण्ड

Press Vigyapti